**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- देश के कई हिस्सों में आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू, जबकि द्वीपसमूह में रमजान कल से शुरू होगा।
- श्रम विभाग की ओर से असंगठित श्रमिकों और छोटे व्यापारियों के लिए विशेष पंजीकरण शिविर 22 फरवरी से शुरू।
- केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से दो दिवसीय द्वीप किसान मेला आयोजित किया जाएगा।
- कला एवं संस्कृति विभाग ने लोक या जनजातीय कला के क्षेत्रों में इच्छुक कलाकारों से आवेदन जमा करने को कहा है।

<><><><><><><><>

देश के कई हिस्सों में कल शाम चाँद दिखाई देने के साथ ही आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। आज से रमजान के पवित्र महीने का पहला दिन है। रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इस महीने के अंत में ईद–उल–फितर मनाई जाती है। द्वीपसमूह में रमजान का पवित्र महीना कल से शुरू होगा। हिलाल समिति ने बताया कि तरावीह की नमाज आज रात से अदा की जाएगी।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि यह शुभ महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कामना की कि सभी जगह शांति और समृद्धि बनी रहे।

<><><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप–टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार, विविधता और बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाती है। मंत्रालय के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि यह संकलन भारत में विकसित किए जा रहे एआई समाधानों का एक समेकित भंडार प्रदान करता है, जिससे मंत्रालयों, राज्यों और संस्थानों को उनके वास्तविक प्रदर्शन का आकलन करने और उन्हें व्यापक स्तर पर लागू करने में सहायता मिलेगी। यह प्रकाशन स्टार्टअप्स के एक बड़े नमूने से प्राप्त जानकारियों को प्रस्तुत करता है और विभिन्न क्षेत्रों, प्रौद्योगिकियों और भौगोलिक क्षेत्रों में उभरते रुझानों को उजागर करता है।

<><><><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के निर्देशानुसार, पीएम–एस वाई एम और एनपीएस–ट्रेडर्स योजनाओं के लिए एक राष्ट्रव्यापी विशेष पंजीकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इसी क्रम में, श्रम विभाग की ओर से श्री विजयपुरम में डेयरीफार्म के श्रमिक सुविधा केन्द्र में 22 से 26 फरवरी तक विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा। योजना के अंतर्गत असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15,000 तक हो, जो ZEPFO,ESIC,NPS के दायरे में न हो और आयकर दाता न हो, वे इसके लिए पात्र है। वहीं, छोटे व्यापारी जिनका वार्षिक टर्न ओवर 1.5 करोड़ तक है और जो आयकर दाता नहीं है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते है। इसके तहत 60 वर्ष की आयु के बाद लाभार्थियों को 3,000 रूपये प्रति माह पेंशन दिया जाएगा। पंजीकृत व्यक्ति की मृत्यु के बाद, पति या पत्नी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन प्राप्त होगा। सभी पात्र असंगठित श्रमिक, छोटे दुकानदार और स्व–नियोजित व्यक्ति निर्धारित तिथियों पर शिविर में अपना ऑनलाइन नामांकन करा सकते हैं। जो लोग इस शिविर में शामिल नहीं हो पाएंगे, वे नामांकन के लिए अपने निकटतम सामान्य सेवा केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अजय फिरोज शाह ने द्वीपसमूह के इंडिपेंडेंट इन्फैंट्री कंपनी एनसीसी का दौरा किया। इस दौरान कमान अधिकारी कर्नल के. वाई. सिंह ने उन्हें प्रशिक्षण और प्रशासनिक पहलुओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी। मेजर जनरल ने एनसीसी की वर्तमान प्रशिक्षण गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने पीआई स्टाफ और कर्मियों के साथ बातचीत की।

<><><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से 27 और 28 फरवरी को द्वीप किसान मेला का आयोजन करने जा रहा है। यह दो दिवसीय मेला गाराचरमा परिसर स्थित क्यारी में सुबह नौ बजे से शाम छः बजे तक आयोजित होगा। इस मेले का उद्देश्य द्वीप

पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल टिकाऊ और जलवायु–लचीली फसल, पशुधन और मत्स्य पालन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। मेले के दौरान किसानों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही पुरूष एवं महिला कृषक, स्वयं सहायता समूह, स्टार्टअप्स और छात्र क्यारी के वैज्ञानिकों के साथ संवाद कर सकते हैं। मेले में उन्नत फसल किस्में, एकीकृत कृषि प्रणाली, जलीय कृषि, वैज्ञानिक पशुधन प्रबंधन, बागवानी तकनीक, कटाई के बाद प्रसंस्करण और बाजार संपर्क पर भी जोर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने इच्छुक कलाकारों से पुनः आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये नामांकन लोक या जनजातीय कला के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के लिए किया जाना है। ये आवेदन पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता के कार्यक्रम समिति के सदस्य के रूप में कलाकार के नामांकन हेतु मांगा गया है। कलाकारों का चयन पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और संस्कृति मंत्रालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। इच्छुक कलाकार उपलब्धियों के विवरण सहित अपना बायोडाटा 24 फरवरी तक सेल्यूलर जेल परिसर स्थित कला एवं संस्कृति निदेशक के पते पर व्यक्तिगत या विभाग के मेल पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में द्वीपसमूह की दो महिला प्रधानों, किशोरी नगर ग्राम पंचायत की प्रधान रीता ढाली और सिप्पीघाट ग्राम पंचायत प्रधान ज्योति को केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल ने सम्मानित किया। यह पुरस्कार महिला प्रतिनिधियों को ग्रामीण शासन को मजबूत करने और स्थानीय लोकतंत्र को पारदर्शी बनाने में सहयोग के लिए दिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय नेता भारत की ग्रामीण प्रगति की रीढ़ हैं और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा कार्यालय की ओर से आयोजित इंटर प्राइमरी स्कूल फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट का फाइनल मैच कल गर्ल्स स्कूल मैदान में खेला गया। लड़कों की श्रेणी में डॉलीगंज की टीम ने साउथ प्वाइंट को टाई ब्रेकर में 5–4 से हराया। लड़कियों की श्रेणी में प्रातरापुर की टीम ने गाराचरमा को चार– शून्य से पराजित किया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि, जबकि सहायक निदेशक, खेल इर्शाद अहमद और विश्वनाथ सेन सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों ने बालक और बालिका दोनों श्रेणियों की विजेता और उप–विजेता टीमों को सम्मानित किया। इसके अलावा बैंड ट्रूप प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्कूलों को भी प्रशंसा पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

पशु चिकित्सालय, डिगलीपुर ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से कल आर.के. ग्राम के एक किसान के खेत पर गाय और बकरी के दूध के मूल्य संवर्धन पर एक क्षेत्र–स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पशु पालकों को दूध प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आय बढ़ाने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में किसानों, विशेषकर महिलाओं ने भाग लिया। विभाग ने कहा कि द्वीपसमूह में उद्यमिता को बढ़ावा देने, ग्रामीण डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने और स्थायी आजीविका का समर्थन करने के लिए इस तरह के प्रदर्शन आयोजित करना जारी रखेगा।

<><><><><><><>